**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to increase the fund of construction material under Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY).

**श्री सुरेश कश्यप (शिमला):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया । माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत इस देश में की और लाखों-लाख लोगों को इसका लाभ मिला । इस बार के बजट में भी माननीय प्रधानमंत्री ने 80 लाख घर बनाने का लक्ष्य रखा है । इसके ऊपर लगभग 48 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे । विनिर्माण के लिए जो राशि दी जाती है, वह कम है । मैं विशेष रूप से कहना चाहूँगा, मैं हिमाचल प्रदेश के बारे में कहना चाहूँगा, क्योंकि वह एक पहाड़ी राज्य है । वहाँ पर एक लाख तीस हजार रुपये 90 और 10 के रेशियो में दिये जाते हैं । हिमाचल प्रदेश में जो निर्माण सामग्री है, वह पंजाब और हरियाणा से आती है।

अगर हम रेत की ट्रॉली की भी बात करें, तो वह 1,500 से 2,000 रुपये की पड़ती है । एक सीमेंट की बोरी भी लगभग 400 रुपये में आती है । पहाड़ी क्षेत्रों में साइड डेवलेपमेंट पर भारी खर्च होता है । ऐसे में एक कमरा, एक किचन और एक शौचालय का निर्माण करने के लिए राशि पर्याप्त नहीं हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस राशि को बढ़ाया जाए । कम से कम इसे दोगुना किया जाए, ताकि गरीबों को अच्छे मकान मुहैया करवाए जा सकें।